RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 26 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 37 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुख्यमंत्री के आदेशों को भूले मनपा आयुक्त

### थाना महानगर पालिका ने की शुरूआत...

**शिकायत के लिए नहीं शुरू हो पाई हेल्पलाइन वेबसाईट**



**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पिछले गुरुवार और शुक्रवार को मुंबई के नाला सफाई का खुद जमीन पर उतर कर जायजा लिया था। मुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त चहल को निर्देश दिया था कि नाला सफाई नहीं होने पर लोगो को शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर और फोटो निकालकर शिकायत करने के लिए वेबसाइट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री ने सोमवार से हेल्प लाइन और वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के आदेश का एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद मनपा प्रशासन मुंबई की जनता को सुविधा नहीं उपलब्ध करा पाई है। जबकि थाना महानगर पालिका ने अपने लोगो को यह सुविधा उपलब्ध करा रही है ।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पहले मुख्यमंत्री है जो कि मुंबई के नाला सफाई का खुद जमीन पर उतरकर जायजा ले रहे है। मुख्यमंत्री शिंदे पिछले गुरुवार और शुक्रवार को मुंबई के शहर और उपनगर के नालों का जायजा लिया था।मुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त को निर्देश दिया था कि नाला सफाई के समय नालों से निश्चित कीचड़ ही नहीं निकाला जाए। नालो की गहराई तक जमीन तक के कीचड़ निकाले जाए जिससे मानसून के दौरान मुंबई में जल जमाव की स्थिति न पैदा हो। मुख्यमंत्री ने मनपा आयुक्त को निर्देश दिया था कि मुंबई की जनता नाला सफाई न होने पर इसकी शिकायत मनपा को कर सके इसके लिए मनपा हेल्प लाइन नंबर जारी करे जिस पर लोग फोन कर अपनी शिकायत कर सके इसी तरह नालो में कीचड़ पड़े होने पर उसकी शिकायत फोटो निकाल कर सके इसकी भी सुविधा उपलब्ध कराने का निंर्देश दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने यह सुविधा सोमवार से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। मनपा प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करना ही भूल गई है। सोमवार बीत जाने के बावजूद मनपा अभी तक हेल्पलाइन लाइन नंबर की शुरूआत नहीं कर पाई है और न ही वेबसाइट की भी शुरूआत कर पाई है।

## मुंबई के झोपड़ाधारकों को ढाई लाख में घर देगी सरकार: फडणवीस



**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई के झोपड़ाधारकों को सरकार की ओर से ढाई लाख रुपये में पक्का घर दिया जाएगा. सरकार की ओर से शुरू की गई यह पुनर्वसन आवास योजना एक जनवरी, 2000 से एक जनवरी 2011 तक के झोपड़ाधारकों के लिए लागू की जाएगी. इस निर्णय से लाखों झोपड़ाधारकों को उनके सपने का पक्का घर मिल सकेगा. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्होंने 7 सितंबर, 2018 को एक सर्कुलर जारी किया था लेकिन 2019 में उनकी सरकार चली गई, इसलिए इस योजना पर काम नहीं किया गया था. उस समय उन्होंने सर्कुलर जारी कर एसआरए योजना के तहत झोपड़ाधारकों को पक्के घर के मूल्य निर्धारण का आदेश जारी किया था. अब उनकी सरकार वापस आने के बाद उन्होंने इस बाबत अधिकारियों के साथ चर्चा कर निर्णय लिया है. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस निर्णय से मुंबई का चेहरा बदल जाएगा और झोपड़ाधारकों को पक्के मकान भी मिल जाएंगे. इससे झोपड़ाधारकों के जीवन में भी बदलाव आएगा.

## पेट्रोल पंप मालिक को 15 बार चाकू से गोद कर मार डाला...

### बेटी ने दी थी 5 लाख की सुपारी





**महाराष्ट्रः** पिता की प्रताड़ना से परेशान बेटी ने पिता को मारने की साजिश रची और उसमें वह कामयाब भी हो गई. बेटी ने पिता की पांच लाख सुपारी देकर पिता की हत्या करवा दी. बताया गया कि मृतक पिता के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध थे, जिसका उसकी बेटी और पत्नी विरोध करते थे. परिवार के विरोध करने पर वह बेटी और पत्नी के साथ आए दिन मारपीट करता था. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नागपुर पुलिस ने बीते मंगलवार को भिवापुर के पेट्रोल पंप मालिक दिलीप सोनटक्के की 35 साल की बेटी को पिता की कथित हत्या के लिए 5 लाख की सुपारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस जानकारी के अनुसार, 17 मई को नागपुर-नागभीड हाईवे पर दिलीप सोनटक्के के पेट्रोल पंप पर तीन नकाबपोश हमलावरों ने सोनटक्के की चाकू मारकर हत्या कर दी.

पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने 15 बार दिलीप सोनटक्के को चाकू मारा. नागपुर पुलिस ने कहा कि दिलीप सोनटक्के की बेटी प्रिया माहुरतले उसे मरवाना चाहती थी, क्योंकि वह उसकी मां और परिवार के बाकी लोगों को काफी दिनों से प्रताड़ित कर रहा था. परिवार वाले दिलीप सोनटक्के के अवैध संबंधों का विरोध कर रहे थे.पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रिया को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि प्रिया का पति किशोर भी अपने ससुर दिलीप सोनटक्के के पेट्रोल पंप पर काम करता था. हमलावर पेट्रोल पंप से 1.34 लाख रुपये नकद भी लूट ले गए थे.

## मुंबईकरों को लगा बड़ा झटका!

### 524 इमारतें खतरनाक घोषित, जल्द करना होगा खाली...



**ठाणे :** नवी मुंबई नगर निगम ने शहरी क्षेत्र के विस्तृत सर्वेक्षण के बाद अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली 524 इमारतों को खतरनाक घोषित किया है। नगर निकाय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई नगर निगम के आयुक्त राजेश नार्वेकर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन भवनों में से 61 सी-1 श्रेणी (सबसे खतरनाक, रहने के लिए अनुपयुक्त तथा तत्काल गिराए जाने की आवश्यकता) में आते हैं। वहीं 114 सी-2ए श्रेणी (खाली करने तथा संरचनात्मक मरम्मत की आवश्यकता), 300 सी-2बी (बिना खाली कराए मरम्मत की जरूरत) और 49 सी-3 श्रेणी (मामूली मरम्मत की जरूरत) में आते हैं। नगर निकाय के अनुसार, सी-1 श्रेणी में आने वाले भवनों की बिजली और पानी की आपूर्ति तुरंत काट दी जाएगी।

इन इमारतों को तत्काल गिराया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार, खतरनाक इमारतों के मालिकों और इनमें रहने वालों को परिसर खाली करने के लिए कहा गया है ताकि किसी भी दुर्घटना तथा जनहानि को टाला जा सके।




## संपादकीय / लेख




फैसल शेख
(प्रधान संपादक)


### दवाओं की गुणवत्ता

यह तथ्य चकित करने वाला है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए। इस नियम के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बिकने की शिकायतें आती ही रहती हैं।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी।

भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है और दुनिया के कुल जेनेरिक उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति करता है। भारत के दवा उद्योग की व्यापकता को इससे समझा जा सकता है कि देश में तीन हजार से ज्यादा दवा कंपनियां हैं, जो दस हजार से ज्यादा फैक्ट्रियों के जरिये दवाओं का उत्पादन करती हैं। 2014 से 2022 के बीच भारत का दवा निर्यात दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 24.6 अरब डालर के स्तर पर पहुंचा। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे। जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए।


+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91


## एसी लोकल में समस्या, यात्रियों को करना पड़ा असुविधा का सामना



**मुंबई** : चर्चगेट जानेवाली वातानुकूलित लोकल ट्रेन के दो डिब्बों में २४ मई, २०२३ को एयर कंडिशनिंग की समस्या आ गई थी। नतीजतन, ट्रेन का ठहराव समय भायंदर, मीरा रोड, दहिसर, बोरीवली और बांद्रा में बढ़ा दिया गया था। स्टेशनों पर दोनों बोगियों में यात्रियों की अफरा-तफरी के कारण हड़कंप मच गया।

दरअसल, यह पहली दफा नहीं है, इससे पहले भी कई बार एसी की समस्या हुई है। जिसकी वजह से यात्रियों को तकलीफ का सामना करना पड़ा है। यात्रियों ने ट्रेन सुविधाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और यात्रियों की यात्रा सुखद बनाने के लिए नियमित रखरखाव और मरम्मत के लिए जोर दिया है।

इस वक्त पश्चिम रेलवे द्वारा सप्ताह के दिनों में ७९ एसी लोकल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसमें प्रतिदिन औसतन लगभग ९०,००० यात्री सफर करते हैं। मगर कल और बीते महीनों में हुई एसी से जुड़ी समस्या नियमित रखरखाव और सर्विसिंग में लापरवाही को दशार्ता है। असुविधा का सामना करनेवाले यात्रियों का कहना है कि आवश्यक सुविधाओं के रखरखाव और समय पर मरम्मत पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। ट्रेन में यात्रा करनेवाले एक यात्री ने अनुभव को 'भयानक' बताया और उल्लेख किया कि कूलिंग की कमी के कारण किसी ने बांद्रा स्टेशन पर अलार्म की चेन खींच दी। नतीजतन, ट्रेन बांद्रा में लगभग पांच मिनट तक रुकी रही।

## आर्थिक विवाद को लेकर बेटे ने पिता को ट्रैक्टर से कुचला, मौत



**मुंबई:** महाराष्ट्र के सांगली जिले में बुधवार सुबह 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर से कुचलकर अपने पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मिराज तहसील के बेदाग गांव में हुई इस घटना में दाजी उर्फ दादू गणपति अकाले (70) नाम के बुजुर्ग की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अकाले ने अपने बेटे से 70,000 रुपए वापस करने के लिए कहा था, जो उसने दो साल पहले उधार लिए थे। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई और गुस्से में आकर बेटे ने कथित तौर पर अपने पिता को ट्रैक्टर से कुचल दिया।

## सरकार केवल आश्वासनों की खैरात बांट रही है

### प्रत्यक्ष रूप से न तो मदद मिल रही और न ही सरकार किसानों के काम आ रही है




**मुंबई** : राज्य के किसान वर्तमान समय में अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। खेती के लिए प्रकृति का भी साथ नहीं मिल रहा है। ऐसे में राज्य के बलिराजा संकट का सामना कर रहे हैं। राज्य की 'ईडी'सरकार केवल आश्वासनों की खैरात बांट रही है। प्रत्यक्ष रूप से न तो मदद मिल रही और न ही सरकार किसानों के काम आ रही है। इस बात को लेकर किसान आक्रामक हो गए हैं। देवेंद्र फडणवीस आज सोलापुर के दौरे पर जानेवाले हैं।

इस पर किसानों ने देवेंद्र फडणवीस के काफिले को रोकने की चेतावनी दी है। दरअसल, भाजपा की ओर से किसानों को दिए गए आश्वासनों को पूरा नहीं किया गया है, इसलिए किसानों ने रोष व्यक्त किया है और काफिले को जाम करने की चेतावनी दी है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सोलापुर में नए कलेक्ट्रेट भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए वे आज सोलापुर दौरे पर जाएंगे। अखिल भारतीय किसान सभा ने किसानों की विभिन्न मांगों को पूरा नहीं करने पर उपमुख्यमंत्री को चेतावनी दी है।

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में किसान इस समय गंभीर संकट में हैं। यहां तक कि सोलापुर जिले के किसानों को भी पिछले साल खरीफ और रबी फसलों के नुकसान की सब्सिडी अभी तक नहीं मिली है। इसलिए सोलापुर के किसान भी आक्रामक हुए हैं।

## रसोई का स्वाद बेमजा करने पर तुला हुआ जलवायु परिवर्तन



**मुंबई** : जलवायु परिवर्तन लोगों की रसोई का स्वाद बेमजा करने पर तुला हुआ है। दरअसल, ग्लोबल वॉर्मिंग से फसलों की पैदावार प्रभावित होने की जानकारी एक अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन के मुताबिक, गर्मी का बढ़ता ग्राफ गेहूं की पैदावार घटा रहा है। जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप हो रही असमय बारिश और बढ़ती गर्मी से गेहूं के उत्पादन में २३ फीसदी तक गिरावट की आशंका है। कृषि मंत्रालय और देश के प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों की ओर से अगले दो दशकों में फसलों के उत्पादन मॉडलों पर किए गए अध्ययनों का यह परिणाम चिंताजनक बताया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के किसान भी अपने अनुभव से इन अध्ययन रिपोर्ट से सहमत हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के इन दुष्प्रभावों से निपटने के लिए गर्मी सह सकने वाली किस्मों के बीज और बुआई के वैष्ठलेंडर में बदलाव किया जा रहा है, जिसके शुरूआती प्रयोग सकारात्मक दिखाई दे रहे हैं।

वहीं, ग्लोबल एनालिटिक्स कंपनी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक देश में तापमान बढ़ने के भयानक परिणाम सामने आ रहे हैं। अगर तापमान में ऐसी ही तीव्र बढ़ोतरी जारी रही तो रबी की फसल पर भी इसका असर देखने को मिलेगा और पैदावार अपेक्षाकृत काफी कम होगी।

गेहूं कारोबारी संजीव अग्रवाल ने बताया कि आवक में कमी के कारण विगत सप्ताह गेहूं के दाम में १३० रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई है, वहीं जिंस विश्लेषक इंद्रजीत पाल के मुताबिक, १८ मई तक मंडी में ३० लाख टन गेहूं की आवक हुई है, जबकि पिछले महीने ११९ लाख टन आवक हुई थी। अध्ययन के मुताबिक, अगर तापमान इसी तरह रहा तो उत्पादन प्रभावित होने से गेहूं की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं।

### गर्मी से सिकुड़ जाते हैं गेहूं के दाने

गर्मी से गेहूं के दाने पूरी तरह




# केंद्र के बाद होगा महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार !

## लॉबिंग में जुटे एकनाथ शिंदे और बीजेपी के विधायक



**मुंबई:** राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का शुभ मुहूर्त मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव के कारण अटका हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इस महीने के अंत तक केंद्र के मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है, उसके बाद ही जून के पहले सप्ताह में राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। बता दें कि जब से 16 विधायकों की अयोग्यता के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट से फैसला आया है और शिंदे सरकार को जीवनदान मिला है, तब से शिंदे गुट के विधायक मंत्रिमंडल विस्तार की रट लगाए बैठे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी जल्द मंत्रिमंडल विस्तार की बात कह कर अपने विधायकों को धीरज बंधा रहे हैं। शिंदे गुट की तरफ से तो मंत्री बनने वालों के नाम तक तय कर लिए गए हैं, लेकिन बीजेपी की तरफ से अब तक ग्रीन सिग्नल नहीं मिल रहा। हालांकि बीजेपी के एक बड़े नेता ने एनबीटी से कहा कि 8 से 10 दिन के भीतर राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री के विदेश से लौटते ही केंद्रीय मंत्रिमंडल का भी मामला हल हो जाएगा।


### दोनों तरफ से आठ-आठ मंत्री

**खबर है कि इस बार शिवसेना (शिंदे) और बीजेपी के आठ-आठ विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। यूं शिंदे मंत्रिमंडल में अभी 22 मंत्रियों की जगह खाली है। वर्तमान में एक-एक मंत्री कई-कई मंत्रालयों का प्रभार देख रहा है। इसी तरह एक ही मंत्री कई जिलों का प्रभारी मंत्री भी बना हुआ है। इससे जिलों की विकास योजनाओं के साथ न्याय नहीं हो पा रहा और कई जिलों का काम रुका पड़ा है।**

### शिंदे गुट को केंद्र में भी जगह...

**इधर शिवसेना (शिंदे) को केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह मिल पाने की खबर है। कहा जा रहा है कि केंद्र में शिंदे समर्थक सांसदों के लिए एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री का पद दिया जा सकता है। शिंदे जल्द ही नीति आयोग की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली जाने वाले हैं। वहां इस पर चर्चा हो सकती है। बुधवार को शिंदे ने अपने समर्थक विधायकों के साथ इस मुद्दे पर विचार विमर्श भी किया है। शिंदे ने अपने समर्थक विधायकों को बुधवार की रात अपने सरकारी आवास पर बुलाया था। शिंदे की तरफ से केंद्र में मंत्री कौन होगा, इसके लिए भी लॉबिंग शुरू हो गई है।**

# मुंबई-भिवंडी की इमारतों में लगी आग, कोई जनहानि नहीं



**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली खबर के अनुसार, यहां मुंबई के चेंबूर इलाके में स्थित स्वास्तिक चैंबर नाम की कमर्शियल बिल्डिंग की 7वीं मंजिल पर रात करीबन 3 बजे आग लग गई है। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर तुरंत ही फायर ब्रिगेड और पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने मे जुट गए, और आग पर जल्द ही काबू भी पा लिया गया है। इस घटना में किसी के भी घायल या हताहत होने की फिलहाल खबर नहीं है। लेकिन ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अंदर में शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लगी और पूरे बिल्डिंग में फैल गई। गौरतलब है कि आज सुबह ही मुंबई से सटे ठाणे के भिवंडी शहर में कबाड़ के एक गोदाम में अचानक आग लग गयी। वहीं सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और 3 घंटे तक आग बुझाने में जुटी रही। इस दौरान गोदाम में रखा हुआ कबाड़ पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगते ही गोदाम में मौजूद लोग बाहर आ गए थे और उन्होंने ही फायर ब्रिगेड को सूचित किया था। आग लगने की वजह फिलहाल साफ नहीं हो पाई है।

# क्राइम ब्रांच ने किया देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार





**उल्हासनगर :** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की यूनिट-4 ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो मध्य प्रदेश से देशी कट्टा लाकर उल्हासनगर में बेचते थे और उल्हासनगर से कपड़ा खरीदकर उसे संभाजी नगर में बेंचते थे। यही इनका नियामित कारोबार था। क्राइम ब्रांच की यूनिट-4 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र अहिरे को इसकी सूचना मिली और उन्होंने क्राइम ब्रांच की एक टीम को इन आरोपियों को पकड़ने के लिए निर्देशित किया।

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम नें उल्हासनगर-5 के दूधनाका से एसटी स्टैंड के बीच जाल बिछाया और मुकेश वाइन्स के सामने से मुखबिर की निशानदेही पर आसिफ नसीर शेख और तौफीक हसन शेख निवासी रांजनगांव, संभाजी नगर को गिरफ्तार कर लिया। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 2 देशी कट्टे और 10 जिंदा कारतूस बरामद किया। सभी बरामद आग्नेयास्त्र की कीमत 77 हजार रुपए आंकी गई है।

**आसिफ पर पहले भी हथियार बेचने का केस दर्ज**

खास बात यह है कि चार दिन पहले भी तीन आरोपी गिरफ्तार हुए जिनके पास से के एफ 7.65 अंकित पिस्तौल बरामद हुई थी और इनके पास से बरामद कट्टे में भी यही अंकित है। क्राइम ब्रांच की टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या दोनों एक ही जगह से इन आग्नेयास्त्र को खरीदते थे। आसिफ पर पहले भी हथियार बेचने का केस दर्ज है।

# BJP की जीती हुई सीटों पर MVA की नजर!

## अजित बोले- 'सीट बंटवारे के दौरान सबसे पहले...'



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) साझेदारों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान सबसे पहले उन लोकसभा सीटों के बारे में चर्चा की जाएगी जिन पर महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जीती है। अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन एमवीए अगले साल होने वाला लोकसभा चुनाव ''शत प्रतिशत'' मिलकर लड़ेगा. अजित पवार ने बताया, ''हमने कहा कि पहले खाली सीटों (2019 में बीजेपी द्वारा जीती गई सीटों) पर चर्चा होनी चाहिए और कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना को इनमें से कितनी सीटें मिलनी चाहिए. उसके बाद बाकी सीटों पर चर्चा होगी.'' बीजेपी ने 2019 में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 23 पर जीत हासिल की थी. इसके बाद उसकी तत्कालीन गठबंधन सहयोगी शिवसेना ने 18 सीटें जीती थीं.

### 'सीट के बंटवारे का कोई फॉर्मूला नहीं'

**अजित पवार ने कहा, ''सीट बंटवारे का कोई फॉर्मूला नहीं है. उद्धव ठाकरे ने उनकी पार्टी द्वारा जीती गई सीटों को अपने पास रखने की इच्छा जताई थी. लेकिन इस पर आगे कोई चर्चा नहीं हुई.'' उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण एमवीए की 'वज्रमूठ' (एकजुटता) रैलियों को स्थगित कर दिया गया है और मौसम ठंडा होने के बाद वे फिर से शुरू होंगी.**

### सीटों के बंटवारे को लेकर शरद पवार ने कही थी ये बात

**इससे पहले अगले साल लोकसभा चुनावों में एमवीए भागीदारों के बीच सीटों के बंटवारे के बारे में बोलते हुए एनसीपी प्रमुख शरद परवार ने कहा था कि इस विषय पर वे शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे कांग्रेस नेता सोनिया गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मिलक सीटों के बंटवारे का फॉमूर्ला तय करेंगे. साल 2019 में अविभाजित शिवसेना ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, जिसमें बीजेपी ने 23, शिवसेना ने 18 और कांग्रेस ने 4 सीटें जीती थीं.**

# ठाणे में हानिकारक रसायन रखने के लिए गोदाम मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने बिना परमिट के 1.27 करोड़ रुपये के हानिकारक रसायन रखने के आरोप में एक गोदाम के दो मालिकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिसकर्मियों के एक दल ने बुधवार को भिवंडी इलाके के पूर्णा में स्थित गोदाम में छापा मारा और वहां रखा सामान जब्त कर लिया। पुलिस ने यह नहीं बताया है कि गोदाम में कौन-से रसायन रखे हुए थे लेकिन कहा कि ये मनुष्यों के लिए हानिकारक हैं। अधिकारी ने बताया कि गोदाम में अवैध तरीके से रसायन रखे हुए थे जबकि गोदाम के मालिक जानते थे कि रसायनों के कारण किसी भी दुर्घटना से लोगों की जान खतरे में पड़ जाएगी। पुलिस ने बताया कि दोनों लोगों के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 26 मई 2023





# पुलिस टीम पर हमला करने वाला चोर गिरफ्तार



**वसई :** सेंधमारी के मामले में मध्यवर्ती अपराध जांच दल की टीम ने एक २२ वर्षीय शातिर अपराधी चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है और ५ अपराधो का खुलासा भी किया है। इसके पास से ८१ हजार रुपये का माल जब्त किया है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में मध्यवर्ती अपराध जांच दल के पी.आई राहुल राख व सपोनि.नितीन बेंद्रे की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है। पुलिस ने बताया कि वालीव थाने में दर्ज चोरी मामले में मध्यवर्ती अपराध जांच दल द्वारा समांतर जांच कर रही थी,तभी १८ मई को जाल बिछाया गया व शारुक यासिन सरदार (२२) वह वहाँ आया,जैसे ही पुलिस उसे हिरासत में लेने के लिए उसके पास पहुंची, उसने अपने पास हथियार से पुलिस पर हमला कर दिया और पुलिस कांस्टेबल अनिल नागरे का हाथ जख्मी कर दिया.पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उसके कब्जे से १२.५ इंच लंबा चाकू व ०९ मोबाइल बरामद हुए,मोबाइल फोन आईएमईआई मीराभाईंदर, वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट के क्राइम रिकॉर्ड को नंबरों की मदद से खंगालने पर चोरी के ५ मामले सामने आए हैं। आरोपी के ऊपर वालीव थाने में कलम ३५३, ३३२, ५०४, ५०६ के साथसाथ आर्म्स एक्ट की धारा ४, २५ और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा ३७ (१), ३७ (३), १३५ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 'अनिल देशमुख के पास सभी सबूत', बीजेपी से ऑफर वाले बयान पर संजय राउत ने लगाए ये बड़े आरोप





**मुंबई:** पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी विधायक अनिल देशमुख ने खुलासा किया कि उन्हें दो साल पहले बीजेपी से ऑफर मिला था. साथ ही कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार तभी गिरती. इसके बाद शिवसेना (ठाकरे गुट) के सांसद संजय राउत ने इस गोपनीय 'विस्फोट' पर प्रतिक्रिया दी है. इस समय, उन्होंने उल्लेख किया कि देशमुख के पास सभी सबूत हैं और उन्होंने ये सबूत शरद पवार को भी दिखाए हैं.

### क्या कुछ बोले संजय राउत?

संजय राउत ने बताया, ''अनिल देशमुख से एक हलफनामे पर हस्ताक्षर लेना चाहते थे''. अनिल देशमुख से कौन मिले, किसने उन्हें ऑफर दिया, किसने उनसे बात की, कौन किस हलफनामे पर उनसे हस्ताक्षर कराना चाहता था, किसके नाम पर दबाव था, इसकी पूरी जानकारी मेरे पास थी.


### 'अनिल देशमुख के पास है सबूत'

**संजय राउत ने कहा, ''अनिल देशमुख जो कह रहे हैं वह सच है. मुझे पूरा मामला पता है. अनिल देशमुख के पास सबूत हैं कि अनिल देशमुख किस तरह के दबाव में थे और बीजेपी ने उन्हें क्या ऑफर किया था. इतना ही नहीं, उनके पास इससे जुड़े कुछ वीडियो भी हैं.''**

### शरद पवार को भी दिखाए सबूत

**संजय राउत ने आगे कहा, ''उन्होंने उस वक्त शरद पवार को कुछ सबूत दिखाए थे. हालांकि, जब अनिल देशमुख ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया, तो उन पर झूठा आरोप लगाया गया और जेल भेज दिया गया.'' उन्होंने कहा, 'हर विपक्षी दल के शीर्ष नेताओं पर कुछ विधायकों के साथ हमारे पास आने का दबाव है.**

# गौ रक्षकों ने गायों से भरा ट्रक पकड़कर किया पुलिस के हवाल



**पालघर :** हिंदू जनजागृति संस्था व बजरंगदल द्वारा कल रात दहानू में गौ तस्करों की गाड़ी पकड़ कर पुलिस प्रशासन को हवाले की गई है.जिसमे सभी आरोपी फरार हुए हैं। पकड़ी गई गाड़ी में आरोपी के पेपर आधार कार्ड और भिवंडी से भराया हुआ डीजल की स्लीप मिला है। तस्करों द्वारा लगातार पथराव किया जा रहा था,जिससे उन्हें पकड़ना संभव नहीं हो पा रहा था। आधे घंटे से ज्यादा इस पथराव के चलते कुछ कार्यकर्ता घायल हुए हैं। तस्करों द्वारा चलती गाड़ी से गाय के बछड़े को गौ रक्षक कार्यकताओं की गाड़ी पर भी फेंका गया जिससे पीछा कर रहे कार्यकताओं की गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है ,परंतु कार्यकर्ता अंत तक डटे रहे आखिर में गाड़ी पकड़ कर पुलिस प्रशासन के हवाले कर दी गई है.

# सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत




**वसई :** पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत एस.टी बस व मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर होने से दो लोगो की दर्दनाक मौत हो गयी है। इस मामले में पेल्हार पुलिस ने एस.टी बस चालक के ऊपर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार,जाहीद गुलाम खान व झिशान कलीउल्ला खान,दोनो नालासोपारा पूर्व के वाकनपाडा में रहते थे। बताया गया है कि २३ मई को दोपहर लगभग १,३० बजे के आसपास दोनो मोटरसाइकिल क्र.एम.एच ४८-ए.डी-८६१६ पर बैठकर नालासोपारा फाटा से धानिवबाग की और जा रहे थे,जैसे ही कातकारी पाडा,शिवसेना ऑफिस के सामने,वाकनपाडा नालासोपारा पूर्व स्थित पहुँचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार एस.टी बस क्र.एम.एच २०-बी.एल ८०४ चालक ने उपरोक्त मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मारा,हादसा इतनी भीषण था कि दोनो की मौत हो गयी.

# राहुल गांधी की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से करने पर भड़की भाजपा




**वसई :** नालासोपारा पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा वसई विरार जिला की ओर से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के विरुद्ध २४ मई को तीव्र आंदोलन कर प्रदर्शन किया गया।बताया गया है कि कल (मंगलवार ) कांग्रेस पार्टी के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो अपलोड किया गया था,जिसमे राहुल गांधी की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से की गई,इस का विरोध प्रदर्शन करने के लिए वसई विरार जिला अध्यक्ष राजन नाईक के मार्गदर्शन में युवा अध्यक्ष अभय कक्कड़ के नेतृत्व में नालासोपारा पूर्व में तुलिंज पुलिस स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया गया.कार्यक्रताओ ने राहुल गांधी का पुतला फूकने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस बल ने उन्हें रोका। निषेध मोर्चा पर बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा प्रभारी मनोज बारोट ने बताया मोदी की बढ़ती लोकप्रिय को देख पिछले ७० साल से एक परिवार की सेवा में लगे लोग परेशान नजर आ रहे है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना राहुल गांधी से करने का निंदनीय काम कर महाराष्ट्र की जनता का अपमान किया है। इस प्रदर्शन में प्रदीप पांडेय, युवा महामंत्री विनीत तिवारी, सत्येंद्र रावत, यूवा उपाध्यक्ष प्रफुल वाघमारे,पवन सिंह, वैभव झगड़े शहर अध्यक्ष देवराज सिंह, यूवा अध्यक्ष मुकेश पांडे, विकी झा,रेशमा राजोडिया सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वसई-विरार शहर में 8 हजार 34 अवैध निर्माण...



**वसई :** हाल ही में यह बात सामने आई है कि वसई-विरार शहर महानगरपालिका सीमा में कुल ८ हजार ३४ अनाधिकृत निर्माण हैं।इसमें विगत तीन वर्षों में अनाधिकृत निमार्णो की संख्या में ६४३ की वृद्धि हुई है।हाल ही में नगर पालिका द्वारा नगर पालिका की वेबसाइट पर नव निर्मित अनधिकृत निमार्णो की सूची घोषित की गई है और ये निर्माण दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं और वर्तमान में शहर के लिए सिरदर्द बन रहे हैं।अनाधिकृत निमार्णो के खिलाफ नगर पालिका सख्ती तो कर रही है, लेकिन नगर पालिका बढ़ते निमार्णो को रोकने में नाकाम साबित हो रही है. ज्ञात हो कि पिछले ढाई साल से वसई-विरार शहर महानगरपालिका की सीमा में अनधिकृत निर्माण के मुद्दे पर उच्च न्यायालय में अच्छी तरह से चर्चा हुई थी। इस दौरान विविसीएमसी सीमा के भीतर ९ हजार घरों में अनाधिकृत निर्माण हुए।इन ९ हजार १९९ निमार्णो में से कुल ७ हजार १६७ निमार्णो को नगर पालिका द्वारा नोटिस,एमआरटीपी या अन्य प्रकार की कार्रवाई के लिए भेजा गया,जबकि नगर पालिका ने कहा कि कुल २ हजार ३२ निमार्णो पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. अनाधिकृत निमार्णो की संख्या सामने आने के बाद अगले डेढ़ साल में नगर पालिका ने १ हजार १०८ अनाधिकृत निमार्णो पर जेसीबी चलवाई थी.

# मादक पदार्थ मामले में आरोपी ट्रक चालक बरी



**वसई :** जिले की एक अदालत ने २०११ के मादक पदार्थ मामले में आरोपी ४० वर्षीय ट्रक चालक को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है।जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (वसई) डॉ. सुधीर एम. देशपांडे ने दो मई को पारित आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष जम्मू-कश्मीर निवासी मंगल राज भगत के खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा इसलिए उन्हें बरी किया जाता है।आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई।एक अन्य आरोपी विजय कुमार की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई और इसलिए मामला समाप्त कर दिया गया।अभियोजक ने अदालत को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), मुंबई के अधिकारियों ने २५-२६ फरवरी, २०११ की रात को पालघर के वसई इलाके में चिंचोटी नाका के एक होटल के पास एक ट्रक को रोका। अदालत को बताया गया कि अधिकारियों ने चालक की सीट के पीछे छिपाकर रखी गई ६२ किलोग्राम चरस भी बरामद की। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में उसे जमानत दे दी गई।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com